भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग
टेक्नोलाजी भवन, नया मेहरौली मार्ग,
नई दिल्ली – 110016

दिनांक: 14-20मई,2011

विज्ञापन सं. डीएसआईआर/01/2011-स्था.

## वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग द्वारा उदीयमान वैज्ञानिकों की खोज

*वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर), जिसकी स्थापना 1985 में हुई थी, देश में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए उत्तरदायी है। यह सीएसआईआर, एनआरडीसी, सीईएल और सीडीसी जैसे विख्यात संगठनों के लिए प्रशासनिक विभाग है। यह विभाग अनुसंधान और विकास से संबंधित संस्थागत केन्द्रों को मान्यता प्रदान करने और औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास के लिए वित्तीय प्रोत्साहनों के प्रावधान के माध्यम से देश में औद्योगिक अनुसंधान के कार्य को बढ़ाने के लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में प्रयत्नशील है। यह देश की अर्थव्यवस्था के अन्तर्भूत विकास की आवश्यकता को पूरा करने के लिए उद्योगों के विभिन्न क्रास सेक्शन में नवप्रवर्तन और उद्यमशीलता की भावना को भी बढ़ावा देता है।*

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग में वैज्ञानिक 'सी' के 6 पद और वैज्ञानिक 'डी' के 3 पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरने के लिए ऐसे वैज्ञानिक पृष्ठभूमि रखने वाले उदीयमान भारतीय नागरिकों से नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं,

| | |
|---|---|
| पद का नाम | : वैज्ञानिक 'सी' |
| वेतनमान | : 15600-39100 (पीबी-3)+ग्रेड वेतन 6600 रूपये |
| रिक्तियों की संख्या | : 06 (एक पद विकलांग व्यक्ति (चलने-फिरने में अक्षमता अथवा सेरिब्रल पालसी से पीड़ित) के लिए आरक्षित है। |
| पद की प्रकृति | : स्थायी |

(क) अनिवार्य शैक्षणिक अर्हताएं :

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा समकक्ष से प्राकृतिक/कृषि विज्ञान में स्नातकोत्तर की उपाधि अथवा अभियांत्रिकी/प्रौद्योगिकी/चिकित्सा में स्नातक की उपाधि ।

(ख) वांछनीय शैक्षणिक योग्यताएं :

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्राकृतिक/कृषि विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि अथवा अभियांत्रिकी/ प्रौद्योगिकी/चिकित्सा में स्नातकोत्तर की उपाधि ।

(ग) अनुभव: औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों तथा/अथवा विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठनों में अनुसंधान एवं विकास में चार वर्षों का अनुभव

पद का नाम : वैज्ञानिक 'डी'
वेतनमान : 15600-39100 (पीबी-3)+ग्रेड वेतन 7600 रूपये
रिक्तियों की संख्या : 03
पद की प्रकृति : स्थायी

(क) अनिवार्य शैक्षणिक अर्हताएं :

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा समकक्ष से प्राकृतिक/कृषि विज्ञान में स्नातकोत्तर की उपाधि अथवा अभियांत्रिकी/प्रौद्योगिकी/चिकित्सा में स्नातक की उपाधि ।

(ख) वांछनीय शैक्षणिक योग्यताएं :

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्राकृतिक/कृषि विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि अथवा अभियांत्रिकी/ प्रौद्योगिकी/चिकित्सा में स्नातकोत्तर की उपाधि ।

(ग) अनुभव:

औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों और/अथवा विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठनों में अनुसंधान और विकास में आठ वर्षों का अनुभव जिसमें से विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम, आयोजन, विकास और समन्वय के क्षेत्र में चार वर्षों का अनुभव हो।

आयु: आवेदन पत्र के प्राप्त होने की अंतिम तारीख को वैज्ञानिक 'सी' के मामले में 35 वर्ष से अधिक नहीं और वैज्ञानिक 'डी' के मामले में 40 वर्ष से अधिक नहीं। परन्तु :

(i) विभाग में नियमित आधार पर पहले से कार्यरत वैज्ञानिकों के संबंध में कोई उच्च आयु सीमा नहीं होगी।

(ii) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, भूतपूर्व सैनिक, अन्य पिछड़ा वर्ग, विकृतांग विकलांग और अन्य विशेष कोटी के व्यक्तियों को इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार उच्च आयु सीमा शिथिलनीय होगी।

(iii) नियंत्रण प्राधिकारी विशिष्ट वैज्ञानिक क्षेत्रों में अधिक अनुभवी उम्मीदवारों के मामले में उच्च आयु सीमा को शिथिल कर सकते हैं।

सामान्य

1. भरे जाने वाले रिक्त पदों की संख्या में अंतर हो सकता है। विभाग द्वारा बिना कोई कारण बताए भर्ती की प्रक्रिया रद्द की जा सकती है।

2. निर्धारित अनिवार्य अर्हताएं न्यूनतम हैं और इन अर्हताओं को धारण करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाने का पात्र नहीं होगा। यदि विज्ञापन के उत्तर में प्राप्त होने वाले आवेदन बड़ी संख्या में प्राप्त होते हैं, तो सभी उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाना

मूल्यांकन बोर्ड के लिए सुविधाजनक अथवा संभव नहीं होगा। अतः विभाग वांछनीय अर्हताओं और/अथवा विभाग की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार विज्ञापन में निर्धारित अनुभव के आधार पर साक्षत्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को उपयुक्त सीमा तक सीमित कर सकता है। साक्षात्कार के लिए बुलाए न जाने वाले/नियुक्ति के लिए चयन न हो सकने वाले अम्मीदवारों के साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। प्रचार द्वारा प्रभावित करने के किसी भी प्रयास को उम्मीदवार की अयोग्यता माना जाएगा।

3. साक्षात्कार के लिए दिल्ली के बाहर से बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों को सबसे छोटे मार्ग से आने जाने का द्वितीय श्रेणी का रेल किराये का भुगतान किया जाएगा।

4. चयनित उम्मीदवार को भारत और भारत के बाहर कहीं भी सेवा करने के लिए तत्पर रहना होगा।

5. अनिवार्य शैक्षणिक अर्हताएं प्राप्त होने के पश्चात ही अनुभव की अवधि का आकलन किया जाएगा। अनुभव के संबंध में एम.टेक की पूरी की गई डिग्री का आकलन दो वर्ष के रूप में अथवा पाठ्यक्रम की वास्तविक अवधि, जो भी कम हो, के रूप में किया जाएगा। जबकि पूरी की गई डाक्टरेट की डिग्री को तीन वर्ष अथवा पाठ्यक्रम की वास्तविक अवधि, जो भी कम हो, को माना जाएगा। यदि किसी उम्मीदवार ने सेवा में रहते हुए उपर्युक्त डिग्री प्राप्त की है, तो अनुभव की कुल अवधि के संबंध में उसके मामले में अनुभव के रूप में केवल उसकी सेवा अवधि का ही आकलन किया जाएगा और उसे एम.टैक/डाक्टरेट प्राप्त करने के लिए अनुभव में कोई अतिरिक्त वेटेज नहीं दिया जाएगा।

6. **आवेदन कैसे करें**: निम्नलिखित मार्गदर्शी सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए आवेदन निर्धारित प्रपत्र (अनुबंध) में मोटे सादे कागज (ए-4 आकार 210X297 एमएम) पर साफ-साफ टाइप किया होना चाहिए।

(क) पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन के साथ अपेक्षित डाक टिकट लगा स्वयं का पता लिखा पोस्ट कार्ड भेजा जाना चाहिए। उम्मीदवारों को इस कार्ड में विज्ञापन संख्या और आवेदित पद के नाम का भी उल्लेख करना चाहिए। उम्मीदवार को आबंटित पंजीकरण संख्या का उल्लेख करने के पश्चात यह कार्ड उम्मीदवार को वापिस भेजा जाएगा और इस प्रकार विभाग द्वारा आवेदन की प्राप्ति सूचित की जाएगी। उम्मीदवार यह नोट कर लें कि इस कार्ड से भिन्न किसी अन्य प्रकार से अलग से पावती सूचित नहीं की जाएगी। **अलग-अलग पदों के लिए अलग-अलग आवेदन भरे जाने चाहिए।**

(ख) सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों/स्वायत्त संगठनों में कार्यरत उम्मीदवार उपयुक्त माध्यम से आवेदन करें। उनके आवेदन के साथ गत पाँच वर्षों की अद्यतन एसीआर की फोटोकापी (फोटोकापी का प्रत्येक पृष्ठ अधिकारी, जो अवर सचिव अथवा समकक्ष स्तर के अधिकारी से कम न हो, द्वारा साक्ष्यांकित किया गया हो) और सतर्कता निकासी भी भेजी जाए। सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के उम्मीदवार यह स्पष्ट रूप से उल्लेख करें कि क्या उनके द्वारा

धारित वेतनमान केन्द्रीय डीए पैटर्न अथवा औद्योगिक डीए पैटर्न पर है। केन्द्रीय सरकार में मिलने वाली परिलब्धियों से तुलना करने के लिए उन्हें कुल परिलब्धियों का भी उल्लेख करना चाहिए।

(ग) शैक्षणिक अर्हताओं, जन्म तिथि, विकलांगता, समुदाय (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के मामले में) के समर्थन में प्रमाण पत्रों की प्रतियां आवेदन के साथ भेजी जानी चाहिएं। जब कभी आवश्यकता होगी, उम्मीदवारों को मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे।

(घ) अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन अथवा अपूर्ण पाए गए प्राप्त आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा। इस प्रकार रद्द किए गए आवेदनों के संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ड़) पूर्ण रुप से भरे गए आवेदन पत्रों को पंजीकृत डाक से **अवर सचिव(स्थापना), वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग, टैक्नोलॉजी भवन, न्यू महरौली मार्ग, नई दिल्ली-110016** को संबोधित किए जाएं। जिस लिफाफे में आवेदन पत्र डाला जाए, उस पर **"वैज्ञानिक – सी अथवा वैज्ञानिक – डी के पद के लिए आवेदन पत्र"** शब्द अंकित किए जाने चाहिएं। ***(दोनों पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार अलग-अलग आवेदन पत्र भरें)*** आवेदन इस प्रकार भेजे जाने चाहिएं कि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशित होने के 45 दिन (असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैण्ड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर राज्य का लद्दाख मंडल, हिमाचल प्रदेश का लाहौल और स्पीति जिला और चम्बा जिले का पांगी सब डिवीजन, अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप के उम्मीदवारों के लिए 60 दिन) के भीतर भेजा जाना चाहिए।

श्रीनिबास प्रधान

(श्रीनिबास प्रधान)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 26528472